दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू
सत्र: 2024-25
अभ्यास कार्य पत्र (जुलाई)

कक्षा-चौथी **विषय- हिंदी**

उपविषय -अपठित गद्यांश,सर्वनाम भेदों सहित,लिंग
निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

दिल्ली के लालकिले का निर्माण मुगल शहंशाह शाहजहाँ ने आगरा से दिल्ली राजधानी स्थानांतरित करने के लिए करवाया था। सन् 1638 में इसका निर्माण कार्य आरंभ हुआ और 1648 में यह पूरा हुआ। सन् 1857 तक यह मुगल सम्राटों के हाथों में रहा। ब्रिटिश काल में इसका इस्तेमाल एक छावनी के रूप में किया गया। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री यहीं तिरंगा फहराते हैं। तिरंगा हमारे देश की शान है। हमें इसका सम्मान करना चाहिए। इस दिन प्रधानमंत्री अपने भाषण में सभी देशवासियों को एक साथ रहने की प्रेरणा देते हुए संबोधित करते हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र०1 लालकिले का निर्माण किस मुगल शहंशाह ने करवाया था?

प्र०2 15अगस्त के दिन प्रधानमंत्री कहाँ तिरंगा फहराकर किसे संबोधित करते हैं?

प्र०3 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखे।

क) काल – समय, वर्षा

ख) कार्य- काम ,नाम

प्र०4 सही (☑)या गलत (❌) का निशान लगाइए।

क) लालकिला मुम्बई में है।( )

प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के उचित भेद चुनकर लिखिए।

क) मैं दिल्ली में रहता हूँ।(पुरूषवाचक सर्वनाम/निश्चयवाचक सर्वनाम)

ख) फ़र्श पर कुछ गिरा है।(निश्चयवाचक सर्वनाम/अनिश्चयवाचक सर्वनाम)

प्र०6 निम्नलिखित रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द भरिए।

क) ________नाम सानवी है।

प्र०7 रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए।

क) रानी बगीचे में टहल रही है।

ख) मंच पर गायक ने गाना गाया।